महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 79वीं बैठक सम्पन्न

दिनांक 20.03.2024 को महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 79 वीं बैठक श्री उदय ए. कावले, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एमसीएल की अध्यक्षता एवं श्री केशव राव, निदेशक (कार्मिक), एमसीएल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

बैठक में राजभाषा विभाग (पूर्व), गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 में 'ग' क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को प्रदत्त 'प्रथम पुरस्कार' अध्यक्ष महोदय को हस्तार्पण किया गया। अध्यक्ष महोदय ने इस अवसर पर सभी राजभाषा से जुड़े कार्मिकों को बधाई दी तथा में कहा कि एमसीएल को इसी उत्साह को बरकरार रखते हुए राजभाषा के प्रगामी प्रयोग में नई-नई ऊंचाइयों को छूना है। भारत सरकार के राजभाषा नीति के अनुपालन के लिए एमसीएल के सभी अधिकारी/कर्मचारी प्रतिबद्ध हैं, जो राजभाषा के विभिन्न आयोजनों/कार्यक्रमों में उनकी उत्साहपूर्ण प्रतिभागिता से सिद्ध होती है।

निदेशक (कार्मिक) महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह पुरस्कार एमसीएल के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह सिद्ध करता है कि राजभाषा की प्रगति में हम पूरी लगन, श्रम तथा दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ कार्य करते जा रहे हैं, और इसका संज्ञान राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने लिया तथा इस सम्मान के लिए हमें चुना है। हमें अपने कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए ताकि गृह मंत्रालय,भारत सरकार,राजभाषा विभाग द्वारा सौंपे गए राजभाषा कार्यान्वयन के संपूर्ण दायित्व का निर्वाह हो। कार्यालयों में नियमित रुप से राजभाषा की बैठकें एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए ताकि कार्यालय के कार्मिकों को राजभाषा कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों को दूर किया जा सके ।

बैठक में क्षेत्रों एवं मुख्यालय के विभागों में हो रहे राजभाषा कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद,महाप्रबंधक(राजभाषा),एमसीएल ने अध्यक्ष महोदय तथा समस्त प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यालय एवं क्षेत्रीय अधिकारियों/कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग से ही राजभाषा कार्यों में वृद्धि हो रही है। हमें आगे भी इसी प्रकार अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य हिंदी में किया जाना है ताकि राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन किया जा सके।

बैठक के दौरान सितम्बर एवं दिसंबर,2023 तिमाही रिपोर्टों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत कर उसकी समीक्षा की गई और कार्यशाला के दौरान बेहतर राजभाषा कार्यनिष्पादन करने वाले क्षेत्रों और विभागों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

बैठक में मुख्यालय के महाप्रबंधक,क्षेत्रों के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक,नामित राजभाषा अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के सफल संचालन एवं व्यवस्था में मुख्यालय के राजभाषा टीम एवं अन्य संबंधित विभागों की भूमिका सराहनीय रही।

MCL
आज़ादी का अमृत महोत्सव
राजभाषा कार्यान्वयन समिति
की
तिमाही समीक्षा बैठक
दिनांक :20.03.2024
श्री उदय ए. कावले
श्री केशव राव

आज़ादी का अमृत महोत्सव
की
श्री उदय ए. कावले
श्री केशव राव